हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शनिवार, 5 मार्च, 2022/14 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - उद्योग मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 31

आपराधिक मामले

1947 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जिला किन्नौर में हत्या तथा चोरी के कितने मामले दर्ज हुए; उनमें से कितने मामले सुलझाए गए तथा कितने मामले अदालत में लंबित पड़े हैं; और

(ख) अदालत में इन मामलों की सजा दर क्या है; ब्यौरा दें?

राष्ट्रीय उच्च मार्ग

1948 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राष्ट्रीय उच्च मार्ग-05, रामपुर-भावानगर दयनीय हालत में है; इसकी रि-सरफेसिंग का कार्य किस वर्ष प्रस्तावित था तथा यह कार्य कब आरम्भ कर दिया जाएगा; और

(ख) यह सत्य है कि इस राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर बघाल से सोल्डिंग तक कई जगहों पर चौड़ाई व सुधार का कार्य होना शेष है; यदि हां, तो यह कार्य क्यों नहीं किया जा रहा है; कारणों सहित ब्यौरा दें?

पार्किंग निर्माण

1949 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि रिकांगपिओ में राष्ट्रीय उच्च मार्ग-505A के साथ पार्किंग निर्माण का कार्य किया जा रहा है; क्या यह राष्ट्रीय उच्च मार्ग के नियमों के अनुरूप है; और

(ख) यह भी सत्य है कि इस पार्किंग के लिए उच्च मार्ग के साथ सरहद बंदी (Demarcation) की गई है; ब्यौरा दें?

को-ऑपरेटिव बैंक शाखाएं

1950 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई)ः**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक की कितनी शाखाएं व ऐक्सटेंशन काउंटर हैं; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बैंक की कोई नई शाखा व ऐक्सटेंशन काउंटर खोला या स्तरोन्नत किया गया; यदि हां, तो स्थान के नाम सहित ब्यौरा दें?

चिकित्सा महाविद्यालय

1951 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितने चिकित्सा महाविद्यालय कार्यरत हैं; इन संस्थानों से प्रतिवर्ष कितने चिकित्सक उत्तीर्ण होते हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें?

आत्महत्या के मामले

1952 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कोविडकाल में मार्च, 2020 से 01.02.2022 तक कितने आत्महत्या के मामले दर्ज हुए हैं; जिलावार ब्यौरा दें ?

भवन व पार्किंग निर्माण

1953 **श्री आशीष बुटेल (पालमपुर)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि बीड़ पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट के समीप पर्यटन विभाग के अन्तर्गत किसी भवन अथवा पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस भवन निर्माण के लिए SADA, TCP या किसी और संस्था से अनुमति प्राप्त की गई है; यदि हां, तो अनुमति पत्र की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) यह भवन जहां बनाया जा रहा है क्या वह नो कंस्ट्रक्शन जोन है?

विकास कार्य अवधि

1954 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सांसद निधि, विधायक निधि, मनरेगा, 14वें वित्तायोग या अन्य किसी विभाग / मद द्वारा विकास कार्यों के लिए दी गई निधि से कार्य आरम्भ करने हेतु कितनी समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ख) यदि कार्य समयानुसार आरम्भ नहीं होता है तो इसके लिए कौन जिम्मेवार है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

1955 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)**:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं तथा इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

एन0यू0एल0एम0 (NULM) के तहत कर्ज

1956 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना)**:

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तीनों नगर परिषदों (ऊना, मैहतपुर बसदेहड़ा व संतोखगढ़) में एन0यू0एल0एम0 के तहत मिलने वाले ऋण के लिए किस-किस व्यक्ति ने आवेदन किया व किस-किस व्यक्ति का आवेदन स्वीकृत व अस्वीकृत किया गया; उन्हें कितना-कितना ऋण स्वीकृत

किया गया; ब्यौरा आवेदनकर्ता के नाम, लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

प्रोत्साहन राशि

1957 **श्री सतपाल सिंह रायजादा** (ऊना):

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश की रणजी टीम द्वारा 26 वर्ष बाद जीती हुई विजय हजारे ट्रॉफी के सदस्यों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है;

(ख) क्या सरकार की तरफ से उन्हें कोई प्रोत्साहन राशि दी गई है; यदि नहीं, तो क्या सरकार उन्हें प्रोत्साहन राशि देने का विचार रखती है; और

(ग) सरकार इस विजेता टीम के सदस्यों को सरकारी नौकरी देने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

बस सेवा

1958 **श्री संजय अवस्थी** (अर्की) :

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जयनगर-सुनली-रुग-बड्डुल-उखु सड़क को विभाग द्वारा पास कर दिया गया है; यदि हां, तो इस सड़क पर अब तक बस सेवा आरम्भ न करने के क्या कारण हैं; सरकार इस सड़क के साथ लगते गांवों हेतु कब तक बस सेवा आरम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि शिमला से नालागढ़ वाया दिग्गल-रामशहर बस सेवा का लाभ सरकारी व गैर-सरकारी वर्ग, स्कूली छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय निवासियों को मिलता था; यदि हां, तो विभाग द्वारा यह बस सेवा क्यों बंद की गई; विभाग इस बस सेवा को कब तक पुनः शुरू करने का विचार रखता है; ब्यौरा दें;

(ग) अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हिमाचल पथ परिवहन निगम व गैर-सरकारी बसों के कितने रूट्स स्वीकृत हैं; कितने रूटों पर बस सेवा बन्द है; बंद पड़े रूटों पर सरकार कब तक बस सेवा शुरू करने का विचार रखती है; पूर्ण ब्यौरा दें; और

(घ) यह सत्य है कि अर्की से पिपलूघाट-वाया-ठांगर बस सेवा बन्द है; यदि हां, तो इसे कब तक पुनः शुरू कर दिया जाएगा?

सड़क निर्माण कार्य

1959 **श्री संजय अवस्थी (अर्की) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि कुनिहार-अर्की-दाड़लाघाट व रामशहर-मटुली-छियाछी-दिग्गल-कुनिहार सड़कों की स्थिति दयनीय है; यदि हां, तो इन सड़कों की मरम्मत कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा दें; और

(ख) बरायली (दाड़लाघाट) से बुड़मू-स्तौटी-समेली सड़क का निर्माण कार्य किन कारणों से बंद है व विभाग इस कार्य को कब तक शुरू करने का विचार रखता है; ब्यौरा दें?

प्रस्तावित प्रोजैक्ट

1960 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एन0एम0डी0सी0 द्वारा भूमि माइनिंग लीज़ पर ली गई है, जिस पर प्रोजैक्ट लगना प्रस्तावित है; इस प्रोजैक्ट की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

सड़क व भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति

1961 **श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक लोक निर्माण विभाग, मण्डल संगड़ाह के अन्तर्गत कितने किलोमीटर सड़कें बनाई गईं तथा भवन निर्माण किए गए; ब्यौरा नामवार व धनराशि सहित दें; और

(ख) श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग मंडल संगड़ाह, नाहन व पांवटा साहिब में कितनी सड़कों का कार्य वर्तमान में बंद है; सड़कों का नाम, व्यय की गई धनराशि व शेष धनराशि का पूर्ण ब्यौरा कारण सहित दें?

क्रैश बैरियर

1962 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग, मण्डल संगड़ाह में कितने क्रैश बैरियर स्थापित किए गए;

ब्यौरा दें; और

(ख) यह क्रैश बैरियर कहां-कहां स्थापित किए गए व इन पर कितनी धनराशि व्यय हुई; ब्यौरा दें?

विधायक प्राथमिकता

1963 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक सरकार द्वारा श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कौन-कौन सी सड़कों को विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत लिया गया; इनमें से कितनों की डी0पी0आरज0 तैयार की गई; ब्यौरा सड़क व डी0पी0आर0 के नाम सहित दें?

Cows Killed by Bear Attack

1964 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many cows have been killed by bear in the Kotgarh Forest Division; how many animals survived in the attack; details be given with complete address, name of the owner and compensation provided to them;

(b) was the attack made just once but on several occasions before killing the animal;

(c) how many occasions was the bear declared a Man eater and shot dead after being declared so; in how many cases has the bear been caged; and

(d) does the Government plan to bring a policy which can save the cows from being killed?

Missing Persons

1965 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many persons belonging to the Theog Assembly Constituency are missing and are not traceable; provide all details including name of persons, age, sex, village, complaint number, name

of complainant, name of Police Station, date of complaint and efforts made to locate the missing person/ persons;

(b) how many such missing persons have been found/ returned back or established to have died or become a victim of an accident or having been kidnapped; how many of women, minor boys and girls are belong to SC category; and

(c) does the Government propose to give death relief in those cases where a substantial proof exists of a person have died by falling in a river or such a place where his body could not be located; if not, why not; details be given?

Bus Service

1966 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many buses in the Rampur Depot of HRTC have plied more than five lac km. and how many have exceeded more than 9 lac km, what is the criteria to condemn a bus, how many new buses have been purchased; how many of these have been provided to Rampur Depot;

(b) how many bus routes are there in Rampur Depot; how many drivers and conductors are serving; how many posts are lying vacant; and

(c) during this period how many accidents have taken place of HRTC buses of Rampur Depot; reasons be given; how many persons died and how many were injured; name-wise details be given; how many buses broke down because of mechanical failure and were unable to reach their destination; details be given?

सड़क निर्माण

1967 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में लोक निर्माण विभाग की कितने किलोमीटर सड़कें निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार सभी सड़कों की लम्बाई व नाम सहित दें; और

(ख) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की कितनी सड़कें

निर्माणाधीन हैं; उनमें से कितनी सड़कें बन चुकी हैं व कितनी बननी शेष हैं; सड़कों के नाम, लम्बाई व किलोमीटर सहित ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

1968 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकारी तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान चौपाल व नेरवा में कितने नए पद सृजित किए गए हैं; इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त पड़े हैं; उन्हें कब तक आउटसोर्स व अनुबंध पर भरने का सरकार विचार रखती है; पद का नाम व तिथिवार ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

1969 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नागरिक अस्पताल नेरवा व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुपवी के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इनके भवनों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई, कितनी व्यय हुई व कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

स्वीकृत धनराशि

1970 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक रोहड़ू व डोडरा-क्वार मण्डल के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी धनराशि नाबार्ड, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राज्य बजट, एस0सी0डी0पी0 व अन्य योजनाओं के तहत स्वीकृत हुईं; ब्यौरा योजनावार, कार्यवार व ठेकेदार के नाम सहित दें?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र

1971 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्तमान में कितने उप-स्वास्थ्य केन्द्र हैं; उनमें से कितने चल रहे हैं व

कितने बंद हैं; इन्हें बंद करने के क्या कारण रहे; सरकार इनको पुनः चलाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

डंगों का कार्य

1972 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राज्य बजट से कितने डंगे लगवाए गए; कार्यवार व ठेकेदारों के नाम सहित ब्यौरा दें;

(ख) क्या इन सभी कार्यों के टेंडर लगे हैं व कितना भुगतान किया गया है; ब्यौरा दें?

निविदाएं

1973 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक प्रदेश में हिमुडा विभाग के अन्तर्गत सभी मण्डलों में पांच लाख रुपये तक की धनराशि के कुल कितने टेंडर लगाए गए; ठेकेदारों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

सड़कों की मरम्मत

1974 **श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सरकार द्वारा कितनी सड़कों की मरम्मत व रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; बैजनाथ मण्डल को कितनी धनराशि जारी की गई; मण्डलवार ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

1975 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत लैब तकनीशियन के कितने पद रिक्त पड़े हैं व सरकार इन्हें कब तक भरने का विचार रखती है;

(ख) सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लैब तकनीशियन का पद सृजित करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लैब तकनीशियन और एक्स-रे तकनीशियन के पदों को बढ़ाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

Sanctioning of Funds

1976 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 01.02.2022, how much funds have been sanctioned in Nahan Circle PWD under Central Road Fund, Pradhanmantri Gramin Sadak Yojna Phase-II and NABARD; Division-wise details of sanctioned funds be given?

धनराशि का ब्यौरा

1977 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक खण्ड विकास कार्यालय, नालागढ़ में एम0एल0ए0, मनरेगा, एम0पी0 व डी0सी0पी0 मदों के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और किस-किस पंचायत में व्यय की गई; योजनावार, गांव व पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है व कितनों का शेष है; योजनावार व कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,

सचिव।